afterwards the leaders tagged themselves on to the agitation in order to maintain their leadership, or to get the leadership which they did not have earlier. It would be minimising the importance of the popular sentiments if we still think, eight months after it was started, that the agitation was engineered by some disgruntled politicians or by some vested interests. It would also be minimising the importance of the problem if we feel that it can be equated with other demands for separation in other parts of the country. I feel this demand stands in a category by itself. Because, as we all know, before the formation of Vishal Andhra, Telengana was a separate entity. We also know for certain that the States Reorganisation Commission was not substantially in favour of the merger of Telengana with Andhra. Because we are sometimes inclined to forget it, I would like to quote the relevant portions from the report of the SRC. I am reading from paragraph 386;

> ".....it will be in the interest of Andhra as well as Telengana if, for the present, the Telengana area is constituted into a separate State, which may be known as the Hyderabad State, with provision for its unification with Andhra after the general election likely to be held in or about 1961, if by two-thirds majority the legislature of the residuary Hyderabad expresses itself in favour of such unification."

Then, para 388 says.

> ".....Andhra and Telengana have common interests and we hope these interests will tend to bring the people close to each other. If, however, our hopes for the development of the environment and conditions congenial to the unification of the areas do not materialize and if public sentiment in Telengana crystallises itself against the unification of the two States, Telengana will have to continue as a separate unit."

This is the observation of the States Reorganisation Commission.

After this, the people were taken into confidence by the leaders. They had faith in them and they agreed to that gentlemen's agreement. In the past 12 years with their bitter experience if they were not able to live together, is it not the responsibility of the Central Government or the State Government concerned to see how best they can be reconciled together, if at all the Government is keen about keeping them together?

This is a marriage of convenience and if after experience the parties feel that they have to divorce each other and if the Government intend on keeping them together, is it not the duty and the responsibility of the Government to see that they do something about it ? Otherwise, what is the use of allowing them to quarrel and continue the quarrel all these days?

It is impossible for us to reconcile the Government's responsibility *vis-a-vis* the continuous agitation that is going on there. The chronic indecision and inactivity on the part of the Centre is highly deplorable. Probably, due to political reasons the Government were not able to act very promptly. Even today I do not have much hope in the Government. Probably, they themselves do not know what will happen after the 20th of this month; so, they probably still waver and I do not expect any kind of a definitive answer from the Home Minister today. But I would like to appal to him and his Government that they should study the feeling of Members of the various sides of this House and try to understand and appreciate the realities of the situation.

I had occasion to enquire of the Home Minister whether by dividing the State or by creating an autonomous State within the State or by giving some more regional autonomous powers to the Telengana area, by any means, the Government is prepared to settle the issue and whether they can put an end to the violent situation that is prevailing there. The reply of the Home Minister was that every agitation had got its own life. I do not know what to make of that kind of a reply. The life seems to be very much protracted. Now there is prediction from every side that the life of the Congress is coming to a close. Therefore, at least before that eventuality happens, let them see that the life of the agitation in Telengana is put a stop to.

I know what difficulties and agonising situations the public has to go through in an

[Shri S. Kandappan]

atmosphere of an agitation. In this continuous eight-month agitation, I shudder to think what kind of agonies the common people, the women folk and the children, would have been going through. If the government of the day is not able to put an end to that agitation, can they really pride themselves that they are running a peaceful government and are having the law and order situation in their control ?

So, it is on that score that I would like to indict the Government and would like to plead with them that whatever decision they take, they should take it without further delay. There are many people on this side to support the decision that you take in the genuine interest of settling the issue. As a party we are already committed to the non-separation of Telengana but I am prepared to say that if it is inevitable and if the Government thinks that it cannot be averted, as far as we are concerned, we would not be creating any problem in the way of the Government. What we want is that the problem must be settled once for all and forthwith without further delay.

In this connection I would like to quote only one passage from an article which appeared in the *Hindu* dated July 1, 1969, and then I will conclude. I quote:

"Since politics is essentially an art and not a science, the Congress has evolved its own Theory of Relativity without apologies to Einstein to judge the rights and wrongs of various national problems in comparative terms to suit the party's immediate convenience, without attempting to look into any issue in its more fundamental context.

"But it is not possible in all circumstances to turn the art of politics into an art of evasion as well to avoid inconvenient decisions. And the law of immobility now paralysing the Congress thinking on problems like Telengana—involving high policy both at the national and State levels—has left little room for any imaginative initiative at the right moment to calm down passions and make the people realise the grave dangers of such extremism."

So, let the Government absolve itself at this late hour of its inactivity and I, genuinely, hope that they would attempt to do something to settle the issue.

Finally, I would like to say, though we are not so much emotionally involved as Dr. Melkote and some other Members from Telengana might be, we do feel very much concerned and agitated over the continuous agitation in one part of the country and that too in our neighbouring State. There is one lesson which I would like to draw from this. This is a kind of agitation which is an eye-opener to us, in a sense, that after Independence, this is the first time where it is definitely and conclusively proved that language is not after all such an unifying force. More than language, economic, cultural and social issues are very much involved in the unification of the country. This is for the protagonists of Hindi to member.

SHRI CHENGALRAYA NAIDU (Chittoor) : Mr. Chairman, Sir, I come from Andhra area and not from Telengana area. It is unfortunate that this trouble has started. We wanted to live together as brothers and that is why we asked for Vishal Andhra and Vishal Andhra came into being.

Sir, unfortunately, some suspicion has come in the minds of Telengana brothers and that is why the trouble has started. The trouble was started first by the NGOs Association. That is how the trouble began. Whether they started trouble this way or that way, they were dissatisfied and they started the trouble. Later on, students joined the agitation and then politicians joined the agitation. Now, it has spread all over Telengana.

There is a feeling in Telengana that Andhra people are bossing over Telengana people.....

AN HON. MEMBER: Not the people; the Government there.

SHRI CHENGALRAYA NAIDU : There is a feeling that the Andhra people are illtreating them. That is their opinion. I would like to say here that if all the Telengana MLAs had come and joined together

and asked for the separation of Telengana, they would have got it. That is my opinion. But all the Telengana MLAs are not together. Some Telengana MLAs wanted a separate Telengana and the majority of Telengana MLA'S wanted integration. This is the position. For that, they cannot attribute any motive to the Andhra people.

We were very happy in Kurnool when we had a small Andhra State. Rayalaseema area was more backward as compared to Telengana. If you compare Telengana with Rayalaseema, Rayalaseema is more backward. In Telengana, at least they do not get famines. In Rayalaseema you get rain once in five years and for four years, you have to suffer. This is the position in Rayalaseema. Still we never opened our mouth. After the formation of Vishal Andhra, more money was diverted to Telengana area. But still they were not satisfied because they wanted more progress. They are not satisfied with the progress as expected by them. In every area, the people want to pogress. There is nothing wrong in Telengana people wanting to progress. I want Telengana people to progress and go forward. I do not object to that. The only thing is that for the last 8 months, the children have not gone to their schools and, for the last 8 months, there is trouble and in the offices, the NGOs are not working. There is no safety for ordinary people, be it the Telengana people or the Andhra people; there is no safety in the Hyderabad City today because whenever agitation comes—I do not blame the Telengana Praja Samiti—the unsocial elements also take over the situation and they do all sorts of things. I do not blame the Telengana Praja Samiti, but Government has to take action. I cannot blame the Government also. This is rather unfortunate.

The Telengana people suspect the Andhras; they say that most of the amount is spent in the Andhra area, they were taking away their surplus funds to the Andhra area. This is very unfortunate. But I have to tell one thing. I do not know the correct figures about the surpluses and how they have calculated and so on. But I want to point out one thing. In Vijayawada daily they purchase milk. This amount is debited to the Andhra treasury in Vijayawada. So, this goes to the debit of the Andhra people. Every day this milk is sold in Hyderabad and this amount is credited in the Telengana treasury. So, this comes as a surplus to the Telengana account. This is the position, even with regard to sales-tax and fertiliser tax. The factories and offices are in Hyderabad and this amount is credited in Hyderabad because that is the Capital, but that goes to the Telengana account and they say that this is their account and we have no credit for that. I am not saying anything here. Let them take even Rs. 10 crores more. But they need not accuse the Andhras who are living there. That is my appeal to them. To avoid all this suspicion, we have to settle it this way or that way. That is my opinion.

Our Prime Minister went to Hyderabad before she left on a foreign Tour—I think, for Japan. She rushed hurriedly to Hyderabad in mid-night. What decisions can we take in midnight? (*Interruption*) Unfortunately they are going in the wrong direction. After going there, she made sincere attempts to solve the problem; she met some politicians; it is very good, but one thing with which I cannot agree is this....

SHRI M.V. KRISHNAPPA (Hoskote): If one reads the proceedings, one will find that the British Parliament takes most of its important decisions in the dead of the night.

SHRI CHENGALRAYA NAIDU: This is the advice our people are giving and are thus spoiling everything.

SHRI M.V. KRISHNAPPA: We got Independence at 12, in the mid-night. (*Interruptions*)

श्री मधु लिमये (मुंगेर): वह मिड नाइट में ही काम करती है, पत्र भी मिड नाईट में लिखती है।

SHRI CHENGALRAYA NAIDU: I object to only one thing. When the Prime Minister went there, she called, for consultation, the President of the NGOs Association who had been dismissed or suspended. I can understand if she discussed with poli-

[Shri Chengalraya Naidu]

ticians, but the Prime Minister has no business to discuss with such employees.. (*Interruptions*)

SHRI RABI RAY (Puri): Remove her.

SHRI CHENGALRAYA NAIDU: That is not a correct thing. If she wanted to consult them, she could send some officer from here to meet them. Now what has happened? Instead of solving the problem, she has appointed eight committees and Secretaries of Central Government are to preside over those Committees.

Actually 50% of Andhra Pradesh's autonomy has been transferred to the Centre. This is the position. Unfortunately...(*Interruptions*)

SHRI K. LAKKAPPA (Tumkur) : He has changed his loyalty. He is a turncoat.

SHRI CHENGALRAYA NAIDU : Sir, he is taking my time.

MR. CHAIRMAN : There is no reason for Mr. Lakkappa to get so much excited.

SHRI CHENGALRAYA NAIDU : Now, Sir, instead of having all this trouble, instead of having suspicion against one another, it is better for the Central Government—I appeal to them—to give a sub-State in the State of Andhra Pradesh on the lines of Assam Hill State. When two districts in Assam can get a sub-State, why not 9 districts of Telengana get a sub-State ? If the Government want to maintain the integrity of Andhra Pradesh, this is the only way for the Central Government to give a sub-State for the Telengana people. Let them manage their finances. Let them have their services. There would not be any trouble. There would not be any suspicion. This is the only way to solve the problem. I appeal to the Government to come forward to give them a sub-State.

श्री योगेन्द्र शर्मा (बेगूसराय) : सभापति महोदय, जब आन्ध्र और तेलंगाना की जनता ने अपनी एकता और संघर्ष के बल पर आन्ध्र राज्य की स्थापना की थी, उस वक्त हम लोगों ने हृदय से तेलगु भाषा-भाषी जनता का अभिनन्दन किया था और आज जब वही तेलगु भाषा-भाषी जनता आपस में लड़ रही है, आपस में विभक्त हो गई है, तो हम हृदय से दुखी हैं, हृदय से चिन्तित हैं। आखिर क्या कारण है कि जो तेलगु भाषा-भाषी जनता एक हो कर अपने प्रथक राज्य की स्थापना के लिये लड़ रही थी और जीती थी, आज वही अलग-अलग राज्य चाहती है। सभापति महोदय, सारी बातों को सुनने के बाद एक निष्कर्ष स्पष्ट है कि जिस आधार पर तेलगु भाषा-भाषी जनता की एकता स्थापित की गई थी, जिस आधार पर आन्ध्र राज्य की एकता की स्थापना की गई थी, उस आधार को आन्ध्र की सरकार ने नष्ट कर दिया। हम समझते हैं कि इस बात में शायद अब दो राये नहीं हैं। विभिन्न सूत्रों से जितनी भी बातें आई हैं, उन से यह स्पष्ट हो जाता है कि जो जैन्टिलमैन एग्रीमेंट हुआ था, उस का पालन नहीं हुआ और वही जैन्टिलमैन एग्रीमेन्ट दोनों क्षेत्रों की एकता का आधार था। उस का पालन न कर के उस एकता को नष्ट किया गया। मेरे पास समय नहीं है, वरना मैं इस बात को बतलाता कि किस तरह से वित्तीय साधनों के मामले में, किस तरह से नौकरियों और दूसरी चीजों में तेलंगाना के साथ अन्याय किया गया। उन को जो गारन्टी दी गयी थी, उस का उल्लंघन किया गया और इस तरह से ऐतिहासिक दृष्टि से आन्ध्र, तेलंगाना और रायलसीमा में क्षेत्रीय विषमता थी, वह न केवल कायम रही, बल्कि पिछले 13 वर्षों में और ज्यादा बढ़ी। सभापति महोदय, इस के लिये सिर्फ आन्ध्र की सरकार ही जिम्मेदार नहीं है, केन्द्र में बैठी हुई यह कांग्रेस सरकार भी जिम्मेदार है। क्योंकि पिछले वर्षों में इस सरकार ने जो पूंजीवादी निर्माण का रास्ता अख्तियार किया, उस का नतीजा है कि पूरे देश में क्षेत्रीय विषमता बढ़ती जा रही है। सरकारी जिलों में और तेलंगाना के जिलों में बढ़ी, सरकारी जिलों और रायलसीमा के जिलों में बढ़ी, देश के दूसरे भागों में बढ़ी और आज इस हद तक बढ़ गई है कि सब आज महसूस करने लगे हैं कि इस विषमता

को दूर करने के लिये हम को कुछ न कुछ करना चाहिये ।

अब प्रश्न यह है कि आन्ध्र की इस क्षेत्रीय विषमता ने जो उग्र रूप धारण कर लिया है, उसको कैसे हल किया जाय ? आन्ध्र की सरकार अपने दमन के बल पर, पाश्विक दमन के बल पर, अमानुषिक दमन के बल पर इस समस्या को हल करना चाहती है । जाहिर है कि यह समस्या पाश्विक दमन के बल पर नहीं हल हो सकती । अभी करीब 200-300 लोग नज़रबन्द हैं । तेलंगाना की जनता जिसने अपनी समस्या को आपके सामने छेड़ा, उन को आपने जेलों में बन्द कर दिया है, तमाम स्कूल-कालिजिज़ बन्द पड़े हैं···

श्री चपलाकांत भट्टाचार्य (रायगंज): ज्योति बसु ने तो हजारों को नज़रबन्द कर दिया था ।

श्री योगेन्द्र शर्मा : ज्योति बसु के बारे में तो बंगाल की जनता ने फैसला दे दिया ।

श्री चपलाकान्त भट्टाचार्य: पुलिस ने दिया है, जनता ने नहीं दिया ।

श्री योगेन्द्र शर्मा: जिन लोगों को तेलंगाना की जनता ने अपने कन्धों पर चढ़ाया उन को नज़रबन्द कर के क्या आप आन्ध्र की समस्या को हल करना चाहते हैं ? क्या इस तरह से वह हल हो सकती है ? कैसे हल कर सकते हैं ? क्षेत्रीय विषमता की जो समस्या है, वह ऐसी समस्या है, जिसको राजनीतिक आधार पर आर्थिक आधार पर हल करना पड़ेगा । इस लिये हम समझते हैं कि इस समस्या को हल करने के लिये न केवल ऐसा कानूनी और वैधानिक कदम उठाना पड़ेगा ताकि क्षेत्रीय विषमता को हम दूर कर सकें, बल्कि ऐसा राजनीतिक वातावरण भी कायम करना पड़ेगा, जिसमें हम इस चीज़ को कर सकें । इस के लिये हम सब से पहला और आवश्यक कदम यह समझते हैं कि जो भी दमन किया गया है या किया जा रहा है उस को तुरन्त बन्द किया जाय । जिनको नज़रबन्द किया गया है उन को अविलम्ब और बिना शर्त रिहा किया जाय । जब तक यह नहीं होता है तब तक समस्या के समाधान के लिये एक राजनैतिक वातावरण नहीं बन सकता ।

दूसरी चीज़ जो बहुत ही आवश्यक है, वह यह है कि बदकिस्मती से आन्ध्र और तेलंगाना के बीच--जैसा कि हमारे गुप्ता जी ने कहा है—अविश्वास की एक दीवार बन कर खड़ी हो गई है । अविश्वास की इस दीवार को ढाना होगा और इस को ढाने के लिये आवश्यक है कि आन्ध्र में जो सरकार है, उस को हटाया जाय और उस को हटा कर आन्ध्र और तेलंगाना की जनता के प्रतिनिधियों को बैठा कर एक गोलमेज सम्मेलन कर के इस समस्या को हल करने का निर्णय करें । यही एक रास्ता है, जिस पर चल कर हम क्षेत्रीय विषमता से पैदा हुई इस समस्या को हल कर सकते हैं । इस के अलावा कोई भी दूसरा रास्ता घातक रास्ता होगा । हम को अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि विभिन्न कारणों से इस रास्ते को अब तक नहीं अपनाया गया । लेकिन यदि इस रास्ते को नहीं अपनायेंगे तो आन्ध्र की समस्या हल नहीं कर सकते हैं, न केवल आन्ध्र की समस्या, बल्कि इस तरह की समस्याओं का सामना आपको देश के दूसरे भागों में भी करना होगा ।

मैं शुक्ला जी को कहना चाहता हूं--आपकी ही सरकार के एक मंत्री ने बिहार के एक विशेष भाग में जाकर पिछले महीने एक भाषण किया है कि मिथिला राज्य के रूप में एक पृथक राज्य की स्थापना होनी चाहिये । मैं यह नहीं कहता कि उन्होंने सही कहा है या गलत कहा है, जब इस पर विवेचना का वक्त आयेगा, तब विवेचना करूंगा, लेकिन मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि आज क्षेत्रीय विषमता की समस्या इतनी बढ़ गई है कि उस से आंख बन्द नहीं की जा सकती । हम को कहा गया है कि नौकरियों की गारन्टी

के पालन में संविधान बाधा है, हमारे हाथ और पैरों को रोकता है, 300 रु० की नौकरियों से कम तनख्वाह वाली नौकरियों पर सिर्फ तेलंगाना के लोग ही बहाल हों--संविधान इस की इजाजत नहीं देता है। अगर संविधान इसकी इजाजत नहीं देता है तो क्या क्षेत्रीय विषमता को दूर करने के लिए जो दूसरे कारगर कदम हैं, उन को नहीं उठाया जा सकता। ऐसी दलील दूसरी जगहों के लिये भी हम ने सुनी, बिहार के कुछ हिस्सों में जहां नये कारखाने बनाये जा रहे हैं, जिन लोगों ने जमीनें दी हैं, घर दिये हैं, वे जब कहते हैं कि चौथी श्रेणी की नौकरियों के लिये उन को प्राथमिकता मिलनी चाहिए--तो कहा जाता है कि संविधान इस की गारन्टी नहीं देता है। तो मैं कहना चाहता हूं कि क्षेत्रीय विषमता को हल करने के लिये, संविधान में अब तक संशोधन कर लेना चाहिये था। देश की एकता और राज्यों की उन्नति के लिये यह सब से बड़ा तकाजा है। यदि आपने ऐसा नहीं किया, ऐसी ही अवस्था बनी रही तो आप अलग राज्य के निर्माण की बात नहीं रोक सकते हैं यदि आपने कांस्टीट्यूशनल गारन्टी नहीं दी तो आप अलग तेलंगाना राज्य की स्थापना को नहीं रोक सकते हैं।

इसलिए मैं तेलंगाना के भाईयों से, आंध्र के भाइयों से, तेलुगु भाषा-भाषी भाइयों से अपील करना चाहूंगा कि आप मेरे सुझाव पर विचार करें क्योंकि मेरे सुझावों पर चल कर के ही तेलुगु भाषा-भाषी एकता की रक्षा हो सकती है और क्षेत्रीय विषमता का जो कोढ़ हमारे समाज और राष्ट्र में पैदा हो गया है उसको दूर किया जा सकता है।

MR. CHAIRMAN: I have a number of names of speakers before me, specially those from Telengana. I should like to give chance to as many members as possible but they should be as brief as possible because we have to finish at 5-30 P.M.

SHRI M.N. REDDY: I beg to move:

"That in the motion—

for "urges upon the Government to take necessary steps"

substitute—

"requests the Speaker to appoint a Committee of the House consisting of 21 members to make an on the spot study of the situation and suggest appropriate measures for a just and practical solution of the problem." (2)

SHRI M. V. KRISHNAPPA: I beg to move:

"That at the end of the motion, the following be added, namely :—

"and to appoint a high power Commission on the lines of the States' Reorganisation Commission to advise the Government within a period of one year."(5)

MR. CHAIRMAN: These amendments are also before the House.

श्री जी० वेंकटस्वामी (सिद्दिपेट): अध्यक्ष महोदय, मैं तेलंगाना से आता हूं इसलिए मैं हमेशा हिंदी में ही बोलने की कोशिश करता हूं। यहां पर मैं बहुत जख्मीशुदा हूं। शायद सारे मेम्बर्स जानते हैं कि ब्रह्मानन्द रेड्डी की पुलिस की गोलियों से जख्म खाये, पुलिस ने मुझ पर जितने जुल्म किये, गोली चलाई उसके बाद मरते-मरते बचकर इस पार्लमेन्ट हाउस में तेलंगाना की आवाज को लेकर पहुंचा हूं। · · · (**व्यवधान**) · · · अब मैं जय तेलंगाना के साथ अपना भाषण शुरू करना चाहता हूं। जय तेलंगाना, यह मेरी आवाज नहीं है। जय तेलंगाना, तेलंगाना के 9 डिस्ट्रिक्ट के एक करोड़ 7 लाख इनसानों की आवाज है, जिसको मैं पहली मर्तबा इस पार्लमेन्ट के अन्दर रखना चाहता हूं। इस बहस में कुछ मेम्बर्स ने यहां पार्टिसिपेट किया

है। सारे लोगों में इस मसले को एक पैचीदा मसला समझा जा रहा है। लेकिन यह मसला तेलंगाना के लोगों की वजह से पैचीदा नहीं हुआ। जब आन्ध्र प्रदेश फार्म हो रहा था और फजल अली रिपोर्ट आई थी, उसके बाद ही एजिटेशन शुरू हुआ था। वहां के लोगों ने यहां सैन्ट्रल गवर्नमेन्ट को रिप्रेजेन्ट किया था कि आप हमारे को आंध्र के साथ मत मिलाइये क्योंकि हम बैकवर्ड हैं, हमारे डिस्ट्रिक्टिस और गांव बैकवर्ड हैं, उनके साथ मिलायेंगे तो हमारा नुक्सान होगा। कमीशन ने यह बात स्पेसिफिक लिखी थी कि सन् 56 तक आंध्र के साथ रहिये। अगर उसके बाद तेलंगाना की दो तिहाई मेजारिटी नहीं चाहती तो अलग स्टेट बन सकती है। इन 12 सालों में आन्ध्र गवर्नमेन्ट की तरफ से जितने जुल्म किये गये, तेलंगाना के लोग उन जुल्मों को सहते चले आ रहे हैं। अगर आज कोई कहता है कि तेलंगाना के लीडर्स की आवाज़ है तो मैं साफ कहना चाहता हूं कि यह कोई पोलिटिकल लीडर की आवाज़ नहीं है बल्कि लीडर्स जो एजिटेशन कर रहे हैं, उनकी शरण लिए हुए हैं। मैं कहना चाहता हूं कि यह आवाम की आवाज़ है। मैं खुद आन्ध्र प्रदेश इंटिग्रेशन कमेटी का 6 महीने तक चेयरमैन रह चुका हूं। हमने ब्रह्मानन्द रेड्डी के कहने पर जुलूस निकाले कि हम इन्टिग्रेशन में रहेंगे, मिलकर रहेंगे लेकिन पब्लिक और गांव-गांव से यह आवाज़ आई कि अब सिवाय सेप्रेट तेलंगाना के ओर कोई चारा नहीं है इसलिए कि इन लोगों ने हमारे साथ बेइमानी की है। जब आन्ध्र प्रदेश फार्म हुआ था तो एक जेंटिलमैन्स एग्रीमेंट हुआ था, उस जेन्टिलमैन्स एग्रीमेन्ट में यह साफ-साफ बताया गया था कि हम आपको सेफगार्डस देंगे--सेफगार्ड यह है कि वहां के लोगों को मुल्की सर्टिफिकेट के साथ एम्पलायमेंट देंगे। लेकिन आंध्र के मिनिस्टर्स ने हजारों की तादाद में ला लाकर लोगों को भरा है और वहां के हजारों लाखों स्टूडेन्ट्स जो निकलते हैं उनको एम्पलायमेन्ट नहीं मिलता है।

16.36 hrs.

[SHRI M. B. RANA *in the chair*

ऐसी हालत में हम क्या करें? इस आज़ाद देश में, आन्ध्र प्रदेश में फख्र के साथ रहने के बाद भी वहां के रहने वालों को उद्योग नहीं मिलता, नौकरी नहीं मिलती जबकि गैर मुल्की सर्टिफिकेट लेकर नौकरी ले लेते हैं। यही बात नहीं है, स्टूडेन्ट्स आज इसलिए भड़क उठते हैं क्योंकि वे कहते हैं हम क्या करें, हम पास हो चुके हैं, हमारे लिए नौकरी नहीं है और आन्ध्र से जो सर्टिफिकेट लेकर आते हैं उनको नौकरी मिल जाती है क्योंकि उनके लिए मिनिस्टर साहब का टेलीफोन हो जाता है।

दूसरी बात यह है कि सर्विसिज़ के जितने केसेज़ हैं--श्री कंवरलाल गुप्त और रंगा जी ने जैसा बताया वह बिल्कुल सही है--कि हजारों की तादाद में एम्पलाईज़, डाक्टर्स, इंजीनियर्स, एडमिनिस्ट्रेशन में काम करने वाले हजारों लोगों के केसेज़ यहां पर आये हैं लेकिन 13 सालों में कोई फैसला नहीं हुआ है। इससे बड़ी बेचैनी फैली हुई है लेकिन कोई सैटिलमेन्ट नहीं हुआ।

तीसरी बात यह कि आंध्र प्रदेश के फार्म होते समय यह बताया गया था कि तेलंगाना तो "बैकवर्ड एरिया है, हम ज्यादा-से-ज्यादा फंड्स तेलंगाना पर खर्च करेंगे। हमने भी इत्मीनान किया कि आंध्र गवर्नमेन्ट बोलती है कि हमारा फायदा करेगी लेकिन 13 साल के अन्दर दो सौ करोड़ रुपया बैकवर्ड तेलंगाना से लेकर आन्ध्र पर खर्च करने के बावजूद हमसे कहती है कि खामोश बैठो। एक तरफ तो वायदा किया गया था कि तेलंगाना पर ज्यादा-से-ज्यादा खर्च करेंगे लेकिन दूसरी तरफ उन्होंने बेइमानी की है। इसके बाद वहां के स्टूडेन्ट्स, किसान, नौजवान, मजदूर सारे ही लोग सोचने लगे कि अब हमारी सेफगार्ड्स चाहिए, कम-से-कम सेफगार्ड्स कर दी जाय। जनवरी में चीफ मिनिस्टर ने आल पार्टीज़ मीटिंग बुलाई जिसमें कम्युनिस्ट पार्टी, सोशलिस्ट पार्टी, स्वतन्त्र पार्टी सभी लोग

आये और उन्होंने दस्तख्त किए कि सारे-के-सारे इम्पलीमेन्ट करेंगे। पब्लिकली चीफ मिनिस्टर ने प्रेस के सामने एनाउन्स किया है, प्रेस के सामने कि हमसे गलती हुई है, हम उसको दुरस्त कर लेंगे। मैं साफ कहना चाहता हूं कि अभी भी जो कह रहे हैं कि सेप्रेट नहीं होना चाहिए, उनसे मेरी नम्रतापूर्वक प्रार्थना है कि 8 महीने हो गए हैं, सारी पार्टीज़ के दस्तखतों के साथ, अपोजीशन के लीडर्स के दस्तखतों के साथ जो अपील निकली थी इम्पलीमेन्ट करने के लिए, क्या उसमें एक को भी इम्पलीमेन्ट किया गया है। नहीं कर सकते ये लोग। मुल्की रूल को हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट ने रेजैक्ट कर दिया है। और दो सौ करोड़ रुपया तेलंगाना का आंध्र पर खर्च किया गया है उसको कुछ कमेटीज़ ने पेंडिंग में डाल रखा है। तो जितना छीनना है छीन लिया, जितना दबाना है दबा लिया और जबान से कहते हैं कुछ नहीं किया। एजिटेशन किया जाता है तो कहते हैं कि वायलेन्स करते हैं। मेरी नम्रता पूर्वक प्रार्थना है कि हमारे तेलंगाना का रिवाज है, अगर पूरा हिन्दुस्तान आप देखना चाहते हैं तो हमारे पास सारे हिन्दुस्तान के लोग हैं, अमन से हैं उनको कोई शिकायत नहीं है, तेलंगाना के लोग किसी को भी बाहर जाने के लिए नहीं कहते हैं। हम कभी भी नहीं कहेंगे। हम किसी आन्ध्रा भाई को जाने के लिये नहीं कहेंगे। मगर यह बात सत्य है कि अगर कोई पोलिटिकल लीडर जा कर कहता है कि सैपरेट तेलंगाना नहीं होगा तो आवाम इसको नहीं मानेगा। हम सेप्रेट तेलंगाना चाहते हैं। शादी का आधार मियां-बीबी का विश्वास होता है। लेकिन जब कानफ़ीडेंस ही चला गया और जब दस्तूरी तौर पर तलाक देने का हक है तो उस से हम कोई नहीं रोक सकता। हमने ऐग्रीमेंट के साथ अपनाया लेकिन अब इन के ऊपर से हमारा कानफ़ीडेंस चला गया है और सरकार जबरदस्ती रखना चाहती है यह मुश्किल है। कानफ़ीडेंस खत्म हो गया इसलिये मिल कर रहना मुश्किल है।

चीफ़ मिनिस्टर साहब ने वायदा किया कि जितने भी सेफ़ गार्ड्स हैं उन पर अमल करेंगे। गवर्नमेंट के अन्दर रहने वाले मिनिस्टर, कांडु लक्ष्मण जी बापू ने चीफ़ मिनिस्टर से कारस्पौंडेंस किया और कहा कि उन सेफ़-गार्ड्स पर जल्दी से जल्दी अमल कराइये। लेकिन चीफ़ मिनिस्टर ने अमल नहीं कराया क्योंकि वह नहीं कर सकते, प्रोब्लम्स, ऐसी हो गयी हैं कि वह नहीं कर सकते। इसलिये लक्ष्मण जी बापू ने रिजाइन कर दिया रिजाइन करने के बाद आज उन को राज-मुन्धरी जेल में रखे हैं। अगर चंचलकोंडा जेल में रहें तो सरकार को डर है कि लोग उन से मिलेंगे। इसलिये राज मुंधरी जेल में रखा। डा० चेन्ना रेड्डी को तथा और जो लीडर्स हैं, एम० एल० एज़० हैं उन सब को दो महीने से जेल में रख रखा है इसलिये कि सरकार को डर है कि अगर ये लोग वापस आ जायेंगे तो तेलंगाना मूवमेंट बढ़ जायगा और ब्रह्मानन्द रेड्डी को मुश्किल हो जायगा रहना। हम ने होम मिनिस्टर से कहा कि क्या हैदराबाद की जेल खराब है ? क्या पी० डी० ऐक्ट के लोगों को वहां नहीं रख सकेंगे ?

मैं दर्दनाक चीजें आप को बताना चाहता हूं। अभी डा० मेलकोटे साहब ने बताया कि आजाद हिन्दुस्तान में 50 हजार से ज्यादा लोगों का अरेस्ट होना और हमारे पार्लियामेंट में मेम्बर खामोश बैठें, यह कैसे सम्भव है। हजारों औरतें सत्याग्रह में जेल में गयीं। जेल के अन्दर जो सत्याग्रही थे, ब्रिटिशर्स के समय में भी ऐसा नहीं हुआ होगा, जो निहत्थे बच्चे थे, स्टूडेंट्स थे, उन को जेल के अन्दर चोरों से पिटवाया गया। इस को देखने के लिये मैं गया। किसी का हाथ टूट गया, किसी की आंख फूट गयी, किसी की कमर टूट गयी। अगर सरकार समझती है कि लाठी और गोली से इस मूवमेंट को दबा

देंगे, तो मैं समझता हूं कि वह गलती करती है, तेलंगाना के नौजवान इस को मानने के लिये तैयार नहीं हैं ।

मैं कहना चाहता हूं कि श्री ब्रह्मानन्द रेड्डी को आज जाना चाहिये और किसी न किसी तरह से तेलंगाना के आदमी को चीफ़ मिनिस्टर बनाना चाहिये । ब्रह्मानन्द रेड्डी या उन का कोई एजेन्ट तेलंगाना का चीफ़ मिनिस्टर बना तो वह तेलंगाना की प्रोबलम हल नहीं कर सकता क्योंकि वहां के हजारों नौजवान, किसान, मज़दूर इस मूवमेंट के अंदर इनवाल्व हो चुके हैं, उन लोगों को सजायें हो चुकी हैं । 200 इन्सान गोलियों का निशाना बन चुके हैं और हम लोग पार्लियामेंट के अन्दर बैठ कर यह सोचें कि किस तरह से दोनों को मिलाना चाहिये, यह सम्भव नहीं है, समस्या का हल इस तरह से नहीं होने वाला है । आज घर-घर के अन्दर से यह आवाज़ निकल रही है कि हम नहीं मिल सकते ।

चव्हाण साहब का नाम वहां के चीफ़ मिनिस्टर लेते हैं और कहते हैं कि मेरा क्या है, मैं तो तेलंगाना के लिये तैयार हूं, आप के चव्हाण साहब ही तैयार नहीं हैं क्यों कि उन को विदर्भ का डर लगा हुआ है । निजलिंगप्पा को डर इसलिये लगा हुआ है कि वह मैसूर के हैं और मोरार जी देसाई को डर इसलिये है कि उन को सौराष्ट्र का डर है । यह अवाम की आवाज है । यह तेलंगाना से निकल कर विदर्भ, सौराष्ट्र और मैसूर को जाती है कि कोई कुव्वत इस आवाज को रोक नहीं सकता । तेलंगाना को देना ही पड़ेगा । इस वास्ते कि अवाम के अन्दर से यह आवाज निकल चुकी है कि हम ने कहा था कि मिल कर चलायेंगे, मिला कर देखेंगे । लेकिन हम ने देखा कि मिल कर नहीं चल सकते हैं । जब मिल कर नहीं चल सकते तो तेलंगाना देना ही पड़ेगा ।

जो निहत्थे लोगों को मारा गया है उस के लिये एक कमिशन बनाया जाना चाहिये होम मिनिस्टर की तरफ से । आज आप देखिए कि हैदराबाद सिटी में कितनी सेंट्रल पुलिस रक्खी हुई है ? हम ने होम मिनिस्टर के सामने यह रिप्रेजेन्ट किया कि रोजाना एक लाख रुपया तेलंगाना मांगने वालों के खिलाफ खर्च हो रहा है । पिछले आठ महीनों में 15 करोड़ रु० खर्च हो चुके हैं । जब हम होम मिनिस्ट्री से कहते हैं तो यह जवाब मिलता है कि उस को नक्सलवाड़ी वालों के लिये रक्खा गया है । लेकिन आज 10,000 पुलिस सिर्फ हैदराबाद सिटी के अन्दर इस्तेमाल हो रही है । जो भी सामने आता है, औरत, मर्द, सबों को मारना शुरू कर देते हैं । जिस बुरी तरह से उन को मारा पीटा जाता है, उस को मैं बयान नहीं कर सकता ।

तेलंगाना में आठ महीनों से स्कूल बन्द हैं । कई बार तेलंगाना बन्द रह चुका है, दूकानें वगैरह सब । नो विज़िनेस । वहां विज़िनेस का नाम नहीं है, ला ऐंड आर्डर का नाम नहीं है । इस के बावजूद हम से कहा जाता है कि हम मिल कर रहना चाहते हैं । अब यह होने वाली बात नहीं है । आज तेलंगाना के एक-एक मर्द, औरत, नौजवान, मजदूर, किसान सब लोगों की आवाज है कि तेलंगाना हो कर रहना चाहिये । मेरी सभी लोगों से, अपोजीशन वालों से भी विनम्र प्रार्थना है कि वह इस मामले को कंसिडर करें । 200 आदमियों की बलि चढ़ी है । आज 200 मरे हैं, कल 2,000 मरेंगे, लेकिन तेलंगाना ले कर रहेंगे । यह आज आवाज तेलंगाना वालों की है जिस को मैं आप के सामने पेश करना चाहता हूं । मैं जजबात में आ कर यह बात नहीं कर रहा हूं । आज तेलंगाना वालों में जोश है, उन में जजबात हैं, अब वह साथ नहीं रह सकते । बारह साल तक साथ रह कर देख लिया है । अब साथ नहीं रह सकते

हैं, इस लिये तेलंगाना अलग किया जाय । जय तेलंगाना ।

SHRI M.V. KRISHNAPPA: Sir, members belonging to adjoining States, like Mysore, should also get an opportunity.

SHRI P. GOPALAN (Tellicherry): Sir, while we are hearing vociferous arguments both for and against the formation of a separate Telengana State, some others have argued for autonomy of Telengana within the united Andhra State. Both these arguments are based on the same theme, namely, that injustice has been done to the people belonging to Telengana by the non-implementation of the so-called Gentleman's Agreement which was entered into between the Congress leaders of Telengana and Andhra Pradesh some years back. They give this as the real reason for the backwardness of the Telengana region.

I do not think this argument has much relevance in this context, because ours is a backward country. I come from an area which is very much backward as compared to other areas in my State. But how will it look like if I demand a separate State for my area on the ground that it is backward? I would like to have an answer to this question from the protagonists of a separate Telengana, who want it on the ground that Telengana is a backward region because it was part of the United Andhra State.

It is true that Telengana is a backward area. That is the result of 22 years of Congress rule in this country.

Unequal economic development is inherent in Indian society. So long as the capitalist social order is there this unequal economic development is bound to take place. So, there is no question of the liquidation of this backwardness by granting a separate Telengana State. So, we have to find out the real reason for this movement. How this movement has been utilised by some of the interested parties is the basic issue.

There is large-scale misery for the people of Telengana. There is growing unemployment. The people there are disappointed and dejected. This disappointment, fury and the legitimate grievances of the people are exploited by a section of politicians. The people are misled. They have deliberately been exploited. The people, who speak the same language, who have the same culture and who have the same personality, are fighting against each other, like brothers, in the Andhra State. That is a strange feature that we see in that area.

Some people are posing themselves as the champions of the people of Telengana. I remember the heroic incident of some 20 years back when the lion-like people of Telengana fought like lions. At that time the protagonists, the so-called champions, of the Telengana movement were indulging in mass scale violence and butchery of the people of Telengana. Now they are posing as the champions of the people.

What have the Congress leaders been doing all these years? For 22 years they have been enjoying power. Some of them are occupying important places in the Andhra Cabinet. Why did these people not raise a single finger against this injustice that was being done to the people of Andhra Pradesh ?

My party is very definite in this respect. There is no question of a separate Telengana State. We are totally opposed to it. If such a tendency is allowed to grow, there will be claims or demands for other States. A claim may come for a Vidarbha State or for a division of Mysore State. These slogans have already been raised.

My party has put forth certain proposals about how this is to be solved. This can be solved if the people of Telengana are won over from the clutches of the so-called political leaders of that area. They have been misled. Many of them are pro-landlords and pro capitalists. These leaders are misleading the people. So, the people have to be won over. Some radical measures have to be taken over by the Government. Land reforms have to be brought about and landlordism has to be liquidated in Andhra Pradesh. The people have to be won over from the clutches of landlords and capitalists.

Lastly, why are the Birlas so much interested in the Telengana issue? I can tell you that workers working in the Allwyn Company controlled by the Birlas were regularly paid their daily wages and were allowed by the management to go and participated in the struggle. Why? Why is Birla interested so much in that affair ?

I would like to say that some interested people are behind the movement. Some landlords, some capitalists, Birlas and some vested interests are behind the movement for their own purposes. So, I wish to say that this movement is being misled and the people are being misled. Certain measures are to be taken so as to make some transformation in the social order and also some radical agrarian reforms have to be made. Then only you can win over the people and keep intact the unity of the people of Andhra Pradesh.

SHRI M.N. REDDY: Sir, with your permission, I move that the time on this debate be extended by 2 hours.

It will be a great injustice to give 5 minutes to each Member on an important subject like this .

SHRI YASHPAL SINGH: (Dehra Dun): The time should be extended by 2 hours.

SOME HON. MEMBERS: Yes.

SHRI M.N. REDDY: Last time, 4 hours were allotted to it. The House sat upto 9-30 P.M. and the Home Minister replied to the debate the next day.

The hon. Home Minister is not present here. We are not prepared to speak without his hearing our speeches. Mr. Vidya Charan Shukla is sitting here and if he is replying to the debate, we do not mind speaking. But the Home Minister is going to reply to the debate. He should be present here. He should hear not only the speeches but the sentiments with which the speeches are made.

MR. CHAIRMAN: Let us see how we progress.

SHRI M.N. REDDY: You take the sense of the House. My motion is there. You may put it to the House.

MR. CHAIRMAN: Let us see how we progress. Instead of 5 minutes, I will allow 7 minutes each.

SHRI M.N. REDDY: That is not enough. I have moved the motion. That motion may be taken up and put to the House.

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY (Kendrapura): The motion is there. It is that the time may be extended by 2 hours. You take the sense of the House. I do not say we should sit late. We can take up the Half-an-Hour discussion at 5-30 P.M. and continue this discussion tomorrow.

SHRI M.N. REDDY: We can continue tomorrow.

MR. CHAIRMAN: The Speaker has said that he will allow half an hour more. I cannot exceed that.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: Let us adopt the motion moved by Shri M. N. Reddy and continue the discusssion tomorrow.

MR. CHAIRMAN: Mr. Reddy, your motion is there but you have to obtain the Speaker's previous permission to move the motion.

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY: The Chair is there.

SHRI M.N. REDDY: You are the Speaker for all purposes now.

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY: You can take the sense of the House.

16.59 hr.

[MR. SPEAKER *in the Chair.*]

SHRI M.N. REDDY: Mr. Speaker, Sir, have moved a motion that the time of the discussion on Telengana be extended by 2 hours. That motion is there. The whole House is unanimous on that. We can continue the debate tomorrow. Last time, we discussed it for two days and the House sat late also. This is an important subject. The Minister of Parliamentary Affairs is there. He may agree.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI RAGHU RAMAIAH): It is all right.

MR. SPEAKER : The question is :

"That the time on this Debate be extended by two hours."

The motion was adopted.

MR. SPEAKER : If you had asked for more, I think, even that much he would have agreed. So, we will continue the discussion upto 5-30 P.M. and take up the Half-an-Hour Discussion at 5-30 P.M. Then, we will continue the discussion on Telengana tomorrow.

श्रीमती लक्ष्मीबाई (मेडक) : अध्यक्ष महोदय, अभी कम्यूनिस्ट पार्टी के सदस्य ने कहा है कि हैदराबाद को विशालांध्र में ही रहने देना चाहिये। मैं समझती हूं कि उन को हैदराबाद की स्थिति के बारे में मालूम नहीं है। हैदराबाद में सब भाषाओं के बोलने वाले रहते हैं, जिन के दादा-परदादा वहाँ रहते थे, जो वहां पैदा हुए हैं और जो वहां ही मरेंगे। दिल्ली और देश से सब स्टेट्स से हमारा बहुत सम्बन्ध रहता है। हम सेप्रेट तेलंगाना इस लिए मांगते हैं कि प्रजातंत्र में राज प्रजा के पास होना चाहिए। प्रजा-राज का यही अर्थ है। प्रजा-राज का अर्थ यह नहीं है कि प्रजा का नाश कर के, प्रजा के हितों को नुक्सान पहुंचा कर प्रशासन चलाया जाये। आप लोग समझिए। यह कम्यूनिस्ट लोग आज कह रहे हैं कि सेपरेट तेलंगाना हम नहीं चाहते, मैं कहती हूं कि इस में सेपरेट तेलंगाना की बात कहां है, हमारी हैदराबाद स्टेट तो पहले से ही सेपरेट स्टेट थी, जिस में हरएक भाषा बोलने वाले लोग शरीक रहे हैं, और वहां पर हरएक चीज हमारी मौजूद रही है। यह लोग हम को पालिटिक्स सिखाना चाहते हैं। मैं इन से कहना चाहती हूं कि हम इन से पहले पैदा हुए और पालिटिक्स इन से ज्यादा समझते हैं। यह कम्यूनिस्ट लोग जो हैं इन की बातों को हम अच्छी तरह समझते हैं। लेकिन मैं इस समय उस बहस में नहीं जाना चाहती। हमारी हैदराबाद स्टेट सैकड़ों साल से भारतवर्ष में एक अलग स्टेट रही है। सेपरेट हैदराबाद हमारा हमेशा से रहा है। इस में हमारा मिंट है, रेलवे है, यूनिवर्सिटी है सब कुछ पहले से मौजूद है। यह तो पिछले 12-13 साल से दूसरे लोगों को हमारे साथ मिला कर हमें ज्वाइंट बना दिया है, वरना हम तो पहले से ही सेपरेट चले आ रहे हैं। इस में कन्नड़ महाराष्ट्र और तेलुगु तीन भाषा बोलने वाले लोग थे। उस में से कन्नड़ वालों को अलग मैसूर के साथ कर दिया, महाराष्ट्र वाले महाराष्ट्र के साथ चले गए रह गए केवल तेलंगाना वाले जिन के साथ आन्ध्र वालों को ला कर ऊपर से लाद दिया। फिर भी हम लोग चाहते थे कि ठीक है, लेकिन 12 साल का तजरबा हम ने देखा उस में हमारे साथ किस तरह का बर्ताव किया गया। यहां से एम० पीज० गए, देख कर आए, चव्हाण साहब जा कर देख लिए, प्रधान मंत्री भी देख कर लौट आई, और फिर सब चुप बैठे हैं। अभी यहां पर डा० मेलकोटे साहब बोले, वेंकटस्वामी बोले और कुछ एम० पीज० भी बोले। हमारा 117 करोड़ रुपया यह लोग ले गए। वह कैसे मैं बताती हूं। ऐसा है कि वहां पर ताड़ी और अफीम बहुत होती है। आन्ध्र में प्राहीवीशन है, लेकिन तेलंगाना में तो प्राहीवीशन नहीं है। तो उस के ऊपर ५ से लेकर 10-12 करोड़ तक रुपया मिलता है। वह पैसा तमाम दूसरे रीजन पर खर्च किया गया। यह मैं आन्ध्र गवर्नमेंट के लिए कह रही हूं, आन्ध्र के लोगों के लिए नहीं कह रही हूं। और इस के अलावा आते ही शुरू-शुरू में 13 करोड़ रुपये निजाम हैदराबाद के सेक्योरिटी में रहते थे वह भी रह लोग बेच डाले हैं। तो आते ही इस तरह हमारे ऊपर इन्होंने यह व्यवहार किया। इस के पहले प्रिंसेज स्टेट जब थीं तो आप जानते हैं कि वहां रेवन्यू ज्यादा लिया जाता था और गरीब लोगों के ऊपर कोई

तवज्जह नहीं दी जाती थी, तो हमारे यहां के लोगों के डेवलपमेंट पर उस समय भी कुछ खर्च नहीं होता था और फिर जब यह लोग आए तो उस के बाद भी हमारे डेवलपमेंट की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। यह भी एक प्वाइंट है। अभी कुछ पढ़ाई वहां शुरू हुई है तो पढ़ने के बाद उन को मुलाज़मत कहीं नहीं मिलती, इस से भी उन के अन्दर बेचेनी बढ़ती है। दूसरा प्वाइंट यह भी है कि हमारे एम० एल० ए० जो होते हैं उस में अधिक से अधिक यह अपने लोगों को टिकट देते हैं, वहां के भी उन्हीं लोगों को उस के लिए खड़ा करते हैं जो उन के अपने आदमी होते हैं। एम० पीज़० में 24 तेलंगाना क्षेत्र के होने चाहिए थे हमारे लोगों में से लेकिन केवल 12 ही हैं और राज्य सभा के अन्दर हमारी 8 सीट होनी चाहिए थी जिस में केवल एक सीट हमारी है। इस तरह इन में भी तमाम ऐसे हैं जो तेलंगाना को सपोर्ट नहीं करते हैं। सब इन्होंने अपने लोगों को रखा हुआ है। यह कहते हैं कि स्टूडेंट्स ने यह एजीटेशन किया है लेकिन उस में एम० ए०, बी० ए०, डाक्टर्स और इंजीनियर्स वह सब हैं, यह छोटे छोटे बच्चे नहीं हैं। स्टूडेंट्स की हालत यह है कि उन्हें कालेजेज़ में प्रवेश मिलता नहीं और न मुलाज़मत मिलती है, वैसे तेलंगाना के लोग बड़े नम्र होते हैं लेकिन जब वह देखते हैं कि दूसरों को यह सब चीजें मिलती हैं और उन्हें कहीं जगह नहीं मिलती तो उन के अन्दर यह बगावत की भावना पैदा होती है। यह कुछ लोग बोलते हैं कि आन्दोलन हम लोग चला रहे हैं। मैं तो अपने लिए कहती हूं, शर्म की बात तो हमारे लिए है कि मैं पिछले अप्रैल 24 को जा कर इस में दाखिल हुई। इस के पहले तीन चार महीने तक मैं इस में शरीक नहीं हुई। अप्रैल के बाद मैं इस मूवमैंट में आई और मैं यह कहना चाहती हूं कि पुलिस के जुल्म से यह मूवमेंट बढ़ गया। सैकड़ों औरतों और मर्दों को जेल में बन्द कर के उन के साथ बड़ी बेरहमी का बर्ताव किया है। मुझे तो तेलंगाना समिति वालों ने विजिटर बना कर जेल में भेजा था, मैं, डा० मेलकोटे और बाकर अली मिर्जा साहब तीनों एक साथ वहां गए थे। मैं जेल की यह रिपोर्ट सभा-पटल पर रखना चाहती हूं। जेल के अन्दर कितने ही लोगों को मार डाला। उसे एक ग्रेवयार्ड बना दिया। हम को एतराज है सैंट्रल गवर्नमेंट से, चव्हाण साहब से मेरा एतराज है, चव्हाण साहब वहां गए थे तो वहां के चीफ मिनिस्टर ने उन से कहा था कि आप मदद दें तो मैं एक हफ्ते में इन को कंट्रोल करूंगा। लेकिन चार पांच महीने गुजर गए, कहां कंट्रोल कर पाए? सैकड़ों नहीं हजारों की तादाद में पुलिस वहां भेजी। आज वहां 20 हजार से कम पुलिस नहीं बैठी है। राजस्थान, मैसूर, यू० पी०, सी० पी० हर जगह से आपने वहां पर पुलिस को ला कर रखा है, जिन्होंने अकबजा बाजार, गोलगुडा, रहीमपुरा, धूलपेठ, गोल नाका, सब जगहों पर टैरर पैदा कर रखा है। हम एम० पीज़० वहां जा कर उन आदमियों के नाम नोट कर के लाये हैं, अगर आप इजाजत दें तो मैं इस को सभा के पटल पर रखना चाहती हूं। रात के समय ये सी० आर० पी० के लोग रेड करते हैं, सोये हुए लोगों को उठा-उठा कर ले जाते हैं, मारते हैं, इस तरह से जुल्म करते हैं। यह मूवमेन्ट इस तरह जुल्म करने से खत्म नहीं होगा। आज 30 लाख स्टूडेंट्स रोड्स पर पड़े हुए हैं, उन के साथ लेडी-स्टूडेंट्स भी हैं, कितनों को ले जा कर जेल में बन्द कर दिया है। यह पुलिस क्या करती है—सत्याग्रहियों को ले जा कर मारती है, अब जेलों में बन्द नहीं करते हैं, बुरी तरह से मार कर भेज देते हैं। अभी इसी महीने की 2 तारीख को श्रीमती वैंकटेश्वरराव का हाथ टूट गया, अभी हाल में 15 अगस्त को श्रीमती सुमित्रा देवी को जो एम० एल० ए० हैं, बुरी तरह से पीटा गया, पुरानी कांग्रेस की एम० एल० ए० को पीटा गया। हमारी इस मूवमेंट को इतनी ताकत पुलिस के जुल्म से मिली है। पुलिस

(श्रीमती लक्ष्मी बाई)

के साथ गुण्डों को भी बुला कर होटलों में रखा गया। अभी हाल में एक लड़का जिसका नाम कृष्णा था, जिसकी उम्र 25 साल की थी, जो तेलंगाना का था, बहुत पहलवान था, इन्जीनियर था, उस को गुण्डों के द्वारा मरवा दिया गया। जब उस की लाश को उठाया गया तो पुलिस ने फायरिंग किया और उस से 10-15 आदमियों की मृत्यु हो गई। वहां पर रात और दिन किसी समय चैन नहीं है। दिल्ली में तो फिर भी चैन मालूम होता है, लेकिन हैदराबाद में तो हर समय पुलिस का डर बना रहता है। ज़हीराबाद और संगारेड्डी की जेल में 300 लोगों के रखने की जगह है, लेकिन 2400 लोगों को रखा हुआ है, कबूतरखाने की तरह से लोगों को भरा हुआ है। अगर कोई कुछ कहता है तो उस की पिटाई की जाती है।

अभी हाल में—मिर्जा बाकर अली साहब, डा० मालकोटे और मैं, रहीमपुरा गये थे। वहां पर कर्फ्यू लगा था, घर से कोई बाहर नहीं निकल सकता था। उस दिन सवेरे एक घर में एक लड़का मर गया, पुलिस के डर से उसकी लाश को दफनाने नहीं ले जा सकते थे। साढ़े छः बजे शाम को हम लोग वहां पहुंचे और हम तीनों ने मिल कर लाश को दफन करवाया—इस तरह से वहां पर पुलिस टेरोराइज़ करती है।

आप कहते थे कि एक हफ्ते के अन्दर हम सब कन्ट्रोल कर लेंगे, लेकिन अब तक कन्ट्रोल नहीं कर सके। कांग्रेस प्रेसिडेन्ट वहां बातचीत करने के लिये गये। जब मैं और डा० मालकोटे जनता के प्रतिनिधि के रूप में उन से मिलने के लिए गये, हम को उसी दिन रास्ते में ही अरैस्ट कर लिया गया। अब ऐसी हालत में आप बताइये किस मुंह से हम कहें कि हम को सेप्रेट तेलंगाना नहीं चाहिये। हम हर तरह से—फाइनेन्शली, पोलिटीकली, बैकवर्ड हैं, हमारे इलाके का कोई डेवेलैपमेंट नहीं हुआ। ऐसा मत सोचिये कि सिर्फ तेलंगाना के लोग ही ऐसा चाहते हैं—आन्ध्र के लोग जो नौकरी के लिये तेलंगाना में जा कर बस गये, आज उन के बच्चे अपने आपको तेलंगाना का कहते हैं और कहते हैं कि हम को इस सरकार से दुश्मनी है, यह सरकार हटनी चाहिये। शुक्ला जी को मालूम होना चाहिए कि इस महीने वहां पर मिनिस्ट्री का जो एक्सपैंशन हुआ है, उस में ऐसे लोगों को लिया गया है, जो हालांकि तेलंगाना के हैं, लेकिन खुशामदी लोग हैं, जनता का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। उन के आने के बाद भी वहां पर 6 आदमियों को मार डाला गया। आप कब तक मारते रहेंगे और लोगों का खून बहाते रहेंगे।... (**व्यवधान**)... मेरा निवेदन है कि श्री नारायण रेड्डी जो अमेन्डमेन्ट लाये हैं उसको कबूल करना चाहिए।

अभी कोई भाई उधर से बोल रहे थे कि आंध्र के लोगों को खतरा है, उनको लूट लिया गया है, यह बिल्कुल गलत बात है। मैं कहती हूं कि एम० पीज० स्वयं यहां से जाकर वहां देख सकते हैं कि गलती किसकी है। कुछ लोग रांग रिपोर्ट देते हैं और बहकाने का प्रयत्न करते हैं। अगर ऐसी कोई बात हो तो जो भी चाहेंगे उसको भुगतने के लिए हम तैयार हैं। .... (**व्यवधान**).... यह क्या बात है कि हम को बोलने के लिए टाइम भी नहीं मिलता है। हमको बोलने के लिए अधिक टाइम मिलना चाहिए—चार पांच घंटे मिलने चाहिएं। वहां पर सैकड़ों लोग मर गए हैं, मैं एक औरत होने के नाते वहां की खराब हालत को यहां पर बयान करना चाहती हूं। वहां पर बच्चों का खून बहाया गया है, औरतों का खून बहाया गया है। 240 बच्चों को मार डाला गया—आखिर यह क्या बात है? बच्चों के मरने पर कितना दुख होता है? तेलंगाना के लोग इस बात का जवाब आपसे लेंगे।

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY (Kendrapara): Mr. Speaker, Sir not only

has the Government of India failed miserably to tackle the situation that developed in Telengana but after hearing the stories especially these told by Dr. Melkote I begin to feel that we cannot merely in this country charge the Naxalites or the CPI (Marxists) for subverting democracy but the way these people have tackled this problem I have begun to feel, that they are subverting democracy in this country. After all, what has been described here is shocking. I want the Home Minister when he replies, to say what Dr. Melkote has described is not correct or not true. I think, Sir, even Jallianwala Bagh pales into insignificance compared to what has happened in this part of our country. And even after all that has happened this Government here sits silent with eyes open but mind closed. They don't want to admit that a situation has developed in a part of the country where practically no Government exists.

श्रीमती लक्ष्मीकान्तम्मा (खम्मम): मेरा व्यवस्था का प्रश्न है ।

मेरा कहना यह है कि ला ऐन्ड आर्डर सिचुएशन को जलियांवाला बाग से कम्पेयर करना उचित नहीं होगा । · · · (**व्यवधान**) · ·

अध्यक्ष महोदय: आप तो शांत मेम्बरों में से हैं ।

SHRIMATI LAKSHMIKANTHAMMA: You cannot incite the persons and then come and say here, Jallianwala Bagh. You are responsible for it.

अध्यक्ष महोदय: देखिये आपको ऐसा नहीं कहना चाहिए ।

SHRIMATI LAKSHMIKANTHAMMA: Who asked innocent children to go on burning property with petrol ? (*Interruptions*).

MR. SPEAKER: Do no quarrel with the gentle lady.

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY: I think the tragedy is much more serious than Jallianwala Bagh in the sense that while Jallianwalla Bagh was a closed area and the shooting took place only one day, here in the open in nine districts for days together for months together this has been going on.

SHRI RANGA: I agree with the hon. lady that this is a wrong description of what has happened.

